भारत सरकार
योजना मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4055
दिनांक 18 मार्च, 2020 को उत्तर देने के लिए

व्यवहार संबंधी नीति इकाई

4055. श्री अबु हसीम खान चौधरी:

क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नीति आयोग ने व्यवहार संबंधी नीति इकाई की स्थापना की है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) इस इकाई की संरचना क्या है और उन वर्तमान परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है जिन पर यह इकाई कार्य कर रही है?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय
तथा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क): नीति आयोग ने व्यवहारिक दृष्टिकोण से चयनित योजनाओं की जांच के लिए एक टीम के रूप में काम करने और उनके प्रभाव में सुधार लाने के लिए बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ) और सेंटर फॉर सोशल एंड बिहेवियरल चेंज (सीएसबीसी) के साथ त्रिपक्षीय आशय पत्रक पर हस्ताक्षर किए हैं।

(ख): नवंबर 2019 में आशय पत्रक पर हस्ताक्षर किए गए थे क्योंकि यह माना जाता है कि लक्ष्य समूह की अधिमान्य व्यवहार पद्धति यदि दृष्टिकोण और दिशानिर्देशों के अनुरूप हो, तो कई योजनाओं की प्रभावशीलता में सुधार किया जा सकता है।

(ग): ऊपर उल्लिखित उत्तर (क) में संदर्भित टीम ने नीति आयोग के अधिकारी तथा बीएमजीएफ और सीएसबीसी के विशेषज्ञ शामिल हैं। इस टीम ने चयनित आकांक्षी जिलों में गर्भवती महिलाओं में एनीमिया को कम करने के लिए आयरन, फॉलिक-एसिड (आईएफए) पूरक कार्यक्रम सहित स्वास्थ्य और पोषण तथा 6 से 11 महीने के बच्चों के लिए पूरक आहार प्रथाओं में सुधार हेतु प्रमुख प्राथमिकता वाले संकेतकों की पहचान की है। टीम कार्यक्रम वितरण और कवरेज में सुधार के लिए प्रभावशाली व्यवहार अंत:क्षेपों को डिजाइन करने हेतु प्रचलित प्रथाओं और विभिन्न साहित्य के माध्यम से आकांक्षी जिलों में स्थल दौरे के माध्यम से जानकारी जुटा रही है।

*****